तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 जबरन मकान खाली कराने पहुंचे एसईसीएल अधिकारियों का ग्रामीणों ने किया विरोध



## खबर संक्षेप

### मुख्यालय में नहीं रहते पटवारी, ग्रामीण होते हैं परेशान

**बांकीमोंगरा।** संदीप कश्यप पटवारी हल्का नंबर 7 ग्राम अरदा के पटवारी के पद पर कार्यरत हैं जो मुख्यालय में नहीं रहते है। उनके आने के बाद कोई भी राजस्व कार्य सुचारू रूप से नहीं चल रहा है। श्री कश्यप मुख्यालय में नहीं रहने से ग्रामीणों को आए दिन परेशानी हो रही है। जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनवाने ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पटवारी श्री कश्यप पटवारी हल्का नंबर 7 के अन्यत्र स्थानांतरण करें ताकि ग्राम अरदा पटवारी हल्का नंबर 7 का राजस्व कार्य सुचारू रूप से चल सके।

### पाली तानाखार विधायक ने सौंपा मांग पत्र

**कोरबा।** पाली-तानाखार क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम ने सीएम से मुलाकात की। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में विद्युत से संबंधित विभिन्न तीन प्रमुख मांगों और समस्याओं से अवगत कराते हुए इसके संबंध में उचित कार्रवाई व निर्देश हेतु आग्रह किया है। उन्होंने नवीन विद्युत सब स्टेशन निर्माण की स्वीकृति आवेदन के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि विधानसभा क्षेत्र पाली-तानाखार अंतर्गत विकास खण्ड पाली/पोंड़ी उपरोड़ा में विद्युत आपूर्ति की बहुत ही दयनीय स्थिति है। सभी ग्रामों में केवल कुछ ही घंटो के लिए विद्युत आपूर्ति किया जाता है। जिससे सभी ग्रामीण / शहरी विद्युत उपभोक्तओं में नराजगी है। ग्राम सिल्ली, ईरफ, विखं पाली, तानाखार, तुमान, लैंगा, पिपरिया पोंड़ी उपरोड़ा में विद्युत सब स्टेशन निर्माण का स्वीकृति प्रदान करने मांग पत्र सौंपा गया है।

### मिनीमाता कॉलेज में हुई विकसित छत्तीसगढ़ पर संगोष्ठी

**कोरबा।** शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर संगोष्ठी का सफ़ल आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक हिंदी विभागअध्यक्ष श्रीमती संध्या पांडेय ने बताया कि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष वर्षा दिनेश वैष्णव के मुख्य आतिथ्य व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अंजना सिंह, प्रख्यात कवि हीरामणी वैष्णव व शासकीय पीजी कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. दिनेश श्रीवास व भूतपूर्व छात्राएं गायत्री कुर्रे व रेणुका चंद्रा बतौर अतिथि वक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संध्या पांडेय, मुख्य अतिथि व पार्षद वर्षा दिनेश वैष्णव, प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र सिंह, समाज सेवी डॉ अंजना सिंह संबोधित किया।

### रक्तदान शिविर का नगरवासियों ने लिया लाभ

**कोरबा।** जश्ने ईदमिलादुन्नबी पर सामाजिक एकता और जनकल्याण को समर्पित भव्य आयोजन पूर्वांचल भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर संजू देवी राजपूत शामिल हुईं। रजा यूनिटी फाउंडेशन एवं पूर्वांचल एवं सर्व समाज विकास समिति के संयुक्त प्रयास से आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैंप एवं रक्तदान शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अरविंद शर्मा, मोहम्मद शाकिर अंसारी, सैयद मासूक अली एवं सद्दाम हुसैन उपस्थित रहे। महापौर संजू देवी राजपूत ने उपस्थित नागरिकों से संवाद किया और समाज सेवा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि धार्मिक पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भावना और मानवता के लिए अवसर हैं। मेडिकल टीम में डॉ. अनिल अरोड़ा, डॉ. मोहम्मद समीर खान, डॉ. शाहबाज आलम, डॉ. सैयद आसिफ, डॉ. राम किशोर प्रसाद, डॉ. लक्ष्मीकांत पटेल, डॉ. शेख एजाज, डॉ. अतीक सिद्दीकी, डॉ. निखिल आनंद सहित समर्पित स्टाफ ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श की निःशुल्क सेवा प्रदान की।

## मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक ली सीएम विष्णुदेव साय ने

# सिंचाई योजनाओं को पूरा करने सीएम ने दी 28 सौ करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक लेते हुए प्रदेश की बीते 10 वर्षों से अधूरी पड़ी 115 सिंचाई योजनाओं के लिए 28 सौ करोड़ रुपए की घोषणा की है। इससे

**खास बात**

- बालक बालिका के लिए खेल परिसर व जनजाति छात्रों के लिए खुलेगा आवासीय विद्यालय

प्रदेश में 76 हजार हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने जिले में बालक बालिकाओं के लिए खेल परिसर तथा पिछड़ी संरक्षित जनजाति छात्रों के लिए आवासीय विद्यालय खोले जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय बुधवार को कोरबा जिले के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक लेते हुए आदिवासी क्षेत्रों के विकास को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी बहुल इलाकों में विकास संसाधनों की किसी भी प्रकार से कमी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि आदिवासी अंचलों के लिए सरगुजा, बस्तर और मध्य क्षेत्र के अलग-अलग विकास प्राधिकरण गठित किए गए हैं, जिससे क्षेत्रवार योजनाओं को तेज़ी से लागू किया जा सके। बैठक में शिक्षा और खेल को बढ़ावा, आधारभूत संरचना और पर्यटन को बढ़ावा, सिंचाई परियोजनाओं के साथ बढ़ा प्राधिकरण का बजट 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ किया है। बैठक में श्री साय ने जिले में आदिवासी बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए विशेष घोषणा की। बालक-बालिका क्रीड़ा परिसर के निर्माण और संचालन के लिए 10-10 करोड़ रुपए तथा विशेष पिछड़ी जनजातियों के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने हेतु भी 10-10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय स्थापित करने हेतु 5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। बैठक के दौरान श्री साय ने मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों के सुझाव लेते हुए चर्चा की। उन्होंने विभागीय समीक्षा के दौरान आदिवासी क्षेत्रों के अलावा अन्य शासकीय योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए अधोसंरचना के क्षेत्र में एक बड़ी राशि देने की घोषणा की।



बैठक लेते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपस्थित मंत्रीगण।

### मुख्यमंत्री ने की ये घोषणाएं

- सुनालिया पुल के लिए 9 करोड़
- बुका-सतरेंगा पर्यटन के लिए 2 महीने प्रोजेक्ट तैयार करने वन विभाग को निर्देश
- एक्वा पार्क स्थापना के लिए 37 करोड़, पार्क से मत्स्य व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा

### उद्योग मंत्री के प्रस्ताव पर सुनालिया में समानांतर पुल के लिए 9 करोड़ की स्वीकृति

नगर विधायक, कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रस्ताव पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुनालिया पुल के समानंतर पुल निर्माण के लिए 9 करोड़ और बालक बालिका क्रीड़ा परिसर के लिए 10-10 करोड़ की स्वीकृति दी। बुधवार को कोरबा में हुई मध्य क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण की बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री साय से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु अनुरोध पत्र दिया। मंत्री श्री देवांगन ने शहर के संकरे सुनालिया पुल पर लगने वाले जाम की समस्या से निदान हेतु समानंतर पुल के निर्माण की मांग की। मुख्यमंत्री श्री साय ने तत्काल इसकी घोषणा की। गौरतलब है की मंत्री श्री देवांगन के विशेष पहल पर सुनालिया अंडरब्रिज हेतु 34 करोड़ की स्वीकृति दिलाई थी। इसके साथ ही पुल पर लग रहे जाम की समस्या का अब नए पुल बनने के बाद पूरी तरह से निदान मिल जाएगी।

### बैठक में ये रहें उपस्थित

बैठक में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण प्रणव कुमार मरपच्ची, मंत्रीगण रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, गजेन्द्र यादव, गुरू खुसवंत साहेब, राजेश अग्रवाल, सांसद लोकसभा राजनांदगांव संतोष पाण्डेय सहित विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यगण, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, मनोज पिंगुआ, प्राधिकरण के सचिव बसव राजू, मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद, बिलासपुर संभागायुक्त सुनील जैन, प्रभारी आईजी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी.श्रीनिवास राव, कलेक्टर अजीत वसंत सहित अन्य जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### आदिवासी क्षेत्रों के विकास एवं संस्कृति के लिए प्राधिकरण का गठन : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश में तीन प्राधिकरण का गठन किया गया है। बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण, उत्तर क्षेत्रीय सरगुजा विकास प्राधिकरण, मध्यक्षेत्रीय आदिवासी विकास प्राधिकरण शामिल हैं। प्राधिकरण के पुर्नगठन के बाद पहली बैठक मध्यक्षेत्रीय आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक कोरबा में रखी गई थी जिसमें प्रदेश के सभी मंत्री उपस्थित थे। आदिवासी क्षेत्रों के विकास और संस्कृति की रक्षा के लिए प्राधिकरण का गठन किया गया है। सभी प्राधिकरण के सभी सदस्यों में सुझाव दिये हैं। विकास के लिए सार्थक चर्चा हुई है। उद्योग मंत्री देवांगन की मांग पर बालक बालिका खेल परिसर तथा प्रधानमंत्री के दत्तक पुत्र पीजीबीटी क्षेत्र के युवाओं के लिए आवासीय विद्यालय की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण का बजट जो 50 करोड़ था उसे बढ़ाकर 75 करोड़ किया गया है। वहीं 2015 के पूर्व अधूरी सिंचाई योजनाओं के पूर्व 28 सौ करोड़ जारी किये गये हैं। कोरबा में औद्योगिक पार्क के विषय पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसे बता दिया जाएगा। पर्यटन के विकास के संबंध में उन्होंने कहा कि बुका और सतरेंगा के विकास के लिए वन विभाग को दो माह में प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

मध्यक्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण के अंतर्गत वर्ष 2021-22 में 32 करोड़ 67 लाख रूपये के 544 विकास कार्य स्वीकृत किए गए थे, जिसमें 539 कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार वर्ष 2022-23 में 32 करोड़ 72 लाख रूपये के कुल स्वीकृत 491 कार्यों में से 482 कार्य पूर्ण, वर्ष 2023-24 में 32 करोड़ 67 लाख रूपये के कुल स्वीकृत 464 कार्यो में से 424 कार्य पूर्ण, वर्ष 2024-25 में 48 करोड़ 28 लाख के कुल स्वीकृत 508 कार्यों में 123 कार्य पूर्ण कर लिए गए है, एवं शेष कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापित गोमती केंवट का मामला

# फर्जी तरीके से नौकरी करने वाले को 72 घंटे में किया जाएगा बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित महिला भूविस्थापितों के मामले को गंभीरता से लेते हुए कटघोरा एसडीएम ने बैठक बुलाई और भूविस्थापित गोमती केंवट के जमीन पर फर्जी नौकरी करने वाले को 72 घंटे के भीतर बर्खास्त करने के आश्वासन पर सहमति बनी है। इसे लेकर एसडीएम ने कुसमुंडा प्रबंधन को निर्देश जारी

**खास बात**

- कटघोरा एसडीएम ने बैठक में दिया आश्वासन

किया है। शेष भूविस्थापित महिलाओं के मामलों में एसडीएम ने जांच पड़ताल कर एक सप्ताह के भीतर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

जमीन अधिग्रहण के बाद फर्जी तरीके से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा एसईसीएल में नौकरी किए जाने के विरोध में तीन दिवसीय आंदोलन की चेतावनी के तहत सोमवार से भूविस्थापित महिलाओं द्वारा कुसमुंडा जीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। भूविस्थापित महिलाएं खाट व बर्तन लेकर गेट के बाहर प्रदर्शन कर अपना विरोध जता रहे थे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना ने भूविस्थापित महिलाओं को वार्ता के लिए बुलाया।

मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में भूविस्थापित की समस्याओं को सुनने के बाद एसडीएम तन्मय खन्ना ने गोमती केंवट के मामले में फर्जी तरीके से नौकरी करने वाले को 78 घंटे के भीतर बर्खास्त करने की बात कही, जिस पर सभी भूविस्थापितों ने अपनी सहमति जाहिर की। एसडीएम श्री खन्ना ने कुसमुंडा प्रबंधन से फर्जी नौकरी धारक को नौकरी से बर्खास्त कर उसकी जगह गोमती केंवट को नौकरी पर रखे जाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जगन्नाथपुर उपक्षेत्र में बतौर फिटर कार्यरत प्रहलाद पिता रमेश पर आरोप है कि वह फर्जी नौकरी कर रहा है उसे जारी प्रबन्धन के आरोप पत्र में कहा गया है कि श्रीमती गोमती केंवट पति विजय केंवट निवासी नरईबोध के द्वारा 2 जुलाई को शिकायत किया गया है कि उनके ससुर रमेश पिता सालिकराम के नाम पर ग्राम मनगांव, तहसील-दीपका, जिला-कोरबा में भूमि खसरा नम्बर 398/2, 398/3, 418/2, 432, 434/3ख, 437, 438/2, 441/2, 441/3 कुल रकबा 4.98 एकड़ भूमि स्थित थी जिसे एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा कोयला उत्खनन के लिए अर्जन किया गया है। उक्त भूमि पर गोमती के पति द्वारा वर्ष 2003-04 में नामांकन फॉर्म जमा किया था, जिसमें गोमती के पति को आज तक रोजगार नहीं दिया गया है। कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह ज्ञात हुआ कि उक्त खसरे पर प्रहलाद पिता रमेश को 18 जुलाई 1997 को रोजगार दिया जा चुका है, जिसका गोमती के परिवार से कोई संबंध ही नहीं है न ही वे दूर के रिश्तेदार है।



एसडीएम के साथ बैठक में शामिल प्रभावित।

# कालेजों को ढूंढने से नहीं मिले स्टूडेंट, यूजी-पीजी में 28 हजार 861 सीटें रह गईं खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस सत्र कालेजों को ढूंढने से भी प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट नहीं मिले हैं। एक बार प्रवेश की तिथि भी बढ़ाई गई थी। बावजूद इसके अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में यूजी-पीजी की 55 हजार में से 28 हजार 861 सीटें खाली ही रह गई हैं। सेंट्रल यूनिवर्सिटी का भी यही हाल है, यहां सीयूईटी के बाद भी ढाई सौ सीटें खाली रह गई हैं।

कालेजों में इस सत्र करीब डेढ़ माह से अधिक तक एडमिशन चला है, उसके बाद कालेजों को प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट ढूंढने पड़ गए। गवर्नमेंट कालेजों की स्थिति तो कुछ ठीक है, किन्तु प्राइवेट कालेजों में अभी भी काफी सीटें रिक्त रह गई हैं और उन्हें अभी भी प्रवेश तिथि बढ़ने का इंतजार है। अटल यूनिवर्सिटी के प्रवेश पोर्टल में 16 जून से आनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ था और 2 जुलाई से प्रवेश के लिए पहली मेरिट लिस्ट कालेजों में जारी हुई थी। उसके बाद कालेजों में मेरिट आधार तीन से चार बार प्रवेश की लिस्ट निकाली गई और 31 जुलाई तक शासन के निर्देशों के अनुसार प्रवेश दिया गया। उसके बाद यूनिवर्सिटी के कुलपति की अनुमति से कालेजों में 14 अगस्त तक रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया। 14 अगस्त के बाद प्रवेश प्रक्रिया बंद हो गई थी और कई स्टूडेंटस प्रवेश के लिए भटक रहे थे। छात्र संगठनों की ओर से प्रवेश तिथि बढ़ाने की मांग हो रही थी और यूनिवर्सिटी ने भी प्रवेश तिथि बढ़ाने उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखा था। उसके बाद उच्च शिक्षा द्वारा एक सप्ताह के लिए प्रवेश तिथि बढ़ाई गई थी और 5 सितंबर तक प्रवेश दिया गया। इसके बाद भी यूजी-पीजी मिलाकर कुल 55 हजार 91 सीटों के नहीं भर पाईं और प्रवेश तिथि समाप्त होने के बाद यूजी-पीजी में 28 हजार 861 सीटें खाली रह गई है। दूसरी तरफ इन खाली सीटों को लेकर प्राईवेट कालेज वाले अभी और प्रवेश तिथि बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं।

### कालेजों में यूजी-पीजी की कुल 55 हजार 91 सीटें, कालेजों को प्रवेश तिथि बढ़ने का इंतजार



### 26 हजार 230 स्टूडेंट ने लिया एडमिशन

कालेजों में इस शिक्षण सत्र में यूजी-पीजी में कुल 26 हजार 230 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है। कालेजों में इस बार यूजी फर्स्ट सेमेस्टर में कुल 37 हजार 240 सीटें हैं जिनमें से 17 हजार 851 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है और 19 हजार 389 सीटें फर्स्ट ईयर की खाली रह गई है। इसी तरह पीजी में कुल 16 हजार 946 सीटें हैं, जिनमें से 8 हजार 554 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है और 8 हजार 392 सीटें रिक्त है। इस तरह से देखा जाए तो इस सत्र पीजी में 50 प्रतिशत प्रवेश हुआ है जबकि यूजी में प्रवेश का प्रतिशत 47 फीसदी रहा। मतलब यूजी में कुल सीटों के आधा से भी कम सीटों पर प्रवेश हुआ है।

### प्रवेश तिथि बढ़ने पर 1 हजार 606 ने लिया और प्रवेश

उच्च शिक्षा विभाग ने कालेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की तिथि 5 सितंबर तक बढ़ा दिया था। हालांकि प्रवेश तिथि केवल सप्ताहभर के लिए बढ़ाई गई थी जिसमें से आधे दिन तो छुट्टी रहा और तीन-चार ही दिन प्रवेश के लिए मिले। प्रवेश की तिथि बढ़ने के बाद अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में यूजी-पीजी दोनों को मिलाकर लगभग 1 हजार 606 स्टूडेंट्स ने और प्रवेश लिया है। इसमें यूजी फर्स्ट ईयर में 1 हजार 48 एवं पीजी में 726 स्टूडेंट और बढ़ गए हैं।

## कटघोरा वन मंडल में 67 हाथियों का झुंड कर रहा है विचरण

# सखोदा में मादा हथिनी ने बेबी एलीफेंट को दिया जन्म

कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों के झुण्ड में से एक हथिनी ने केंदई रेंज के सखोदा परिक्षेत्र में एक बेबी एलीफेंट को जन्म दिया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि कटघोरा वनमंडल के केंदई परिक्षेत्र अंतर्गत सखोदा परिसर में 10 सितंबर को एक बेबी एलीफेंट का जन्म हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग की टीम द्वारा नवजात हाथी और उसकी मां की निरंतर निगरानी की जा रही है। इस सुखद घटना के साथ सखोदा परिसर में हाथियों की कुल संख्या 26 से बढ़कर 27 हो गई है। इस समय वनमंडल कटघोरा में कुल 67 हाथी विचरण कर रहे हैं, जिसमें सखोदा परिसर केंदई परिक्षेत्र में 27, मदनपुर परिसर केंदई परिक्षेत्र में 12, कोरबी परिसर केंदई परिक्षेत्र में 16, कापानवापारा परिसर केंदई परिक्षेत्र में 11, पसान परिक्षेत्र में 1 कुल 67 हाथी विचरण कर रहे हैं। जिनके संरक्षण व निगरानी के लिए स्थानीय कर्मचारियों को विशेष सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं।

मानव-हाथी संघर्ष रोकने हेतु रात्रि गश्त और अलर्ट सिस्टम को और मजबूत किया गया है। हाथियों के विचरण मार्ग पर निरंतर निगरानी और समुदाय सहभागिता के माध्यम से सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। ज्ञात रहे कि पिछले लंबे समय से हाथियों का झुंड कटघोरा वनमंडल में डेरा डाले हुए हैं। जिनके द्वारा लगातार फसलों को रौंदा जा रहा है। जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण भय के माहौल में रहने मजबूर हो रहे हैं।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की हुई बैठक

**कोरबा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति बैठक भारतीय मजदुर संघ क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें संघ की महामंत्री माधुरी रथ, अखिल भारतीय राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जयसवाल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई, भारतीय मजदुर संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डे, प्रदेश वित्त सचिव ओमप्रकाश पाल उपस्थित रहे। बैठक भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश अध्यक्षा शोभा सिंह देव की अध्यक्षता संपन्न हुई। बैठक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की पिछली लौबत मांगों, और समास्याओं तथा वर्तमान में कार्यकर्ता और सहायिकाओ के उपर बढ़ी हुई समस्या को लेकर विशेष विषयों पर भी चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप



### मवेशी लेकर जा रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर।** पाली क्षेत्र से मवेशियों को भरकर उत्तर प्रदेश जा रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ लिया है। ट्रक से 14 जीवित, 2 मृत, 1 घायल अवस्था में मवेशी मिला है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया, मंगलवार को हिंदू संगठन के लोगों ने सूचना दी पाली क्षेत्र से मवेशियों को क्रूरता से ट्रक में भरकर उत्तर प्रदेश बूचड़खाना ले जाया जा रहा है। श्री राजपूत ने स्टाफ के साथ बेलपारा में घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीटी, 8078 को रोक लिया। पुलिस को देखकर ट्रक ड्राइवर भाग निकला। पुलिस ने खलासी शामली उत्तर प्रदेश निवासी शाहरूक कुरैशी को पकड़कर ट्रक की तलाशी ली तो 14 जीवित, 2 मृत, 1 गंभीर अवस्था में घायल मवेशी मिले। पुलिस ने अपराध कायम कर खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस खलासी से ड्राइवर व मवेशी तस्करों के संबंध में पूछताछ करने में लगी हुई है।

### केबिनेट ने दी 177 दोहरीकरण को 3169 करोड़ की मंजूरी

**बिलासपुर।** बुधवार को केबिनेट ने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 3169 करोड़ रुपए की लागत से भागलपुर-दुमका और दुमका से रामपुरहाट सिंगल रेल लाइन खंड 177 किलोमीटर के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना खंड देवघर बाबा बैद्यनाथ धाम, तारापीठ शक्ति पीठ आदि जैसे प्रमुख स्थलों को भी रेल संपर्क प्रदान करता है। मल्टी ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 441 गांव और 28.72 लाख आबादी तथा तीन आकांक्षी जिलों बांका, गोड्डा और दुमका तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यह कोयला, सीमेंट, उर्वरक, ईंट और पत्थर आदि जैसी वस्तुओं की ढुलाई के लिए आवश्यक मार्ग है। इन क्षमता वृद्धि कार्यो के परिणामस्वरूप 15 मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।

### बेपटरी हुआ मालगाड़ी का इंजन

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच बेलगहना स्टेशन के पास एक मालगाड़ी का इंजन बेपटरी हो गया, जिसके कारण रेल लाइन करीब एक से डेढ़ घंटे तक ब्लाक रही। जानकारी के अनुसार अप लाइन से डाउन लाइन की ओर जा रही मालगाड़ी का एक लाइट इंजन क्रास ओवर में लाइन चेंज करने के बाद बेपटरी हो गया। रेल लाइन पर इंजन के बेपटरी होने के बाद चालक नीतेश कुमार ने इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल को दी। इसके कारण कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन बेपटरी हुई इंजन के कारण गंभीर हादसा होने से ट्रेन और कर्मचारी की जान बच गई। सूचना मिलने के एक घंटे बाद डिवीजन के अफसर और कर्मचारी क्रेन लेकर घटना स्थल पर पहुंचे और बेपटरी हुई इंजन को पटरी पर लाने का काम शुरु किया। इस दौरान बिलासपुर से कटनी के बीच चलने वाली ट्रेनों को दूसरी लाइन से पायलेटिंग के जरिए रवाना किए जाने के कारण यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही। आधा घंटे की मशक्कत के बाद बेपटरी हुए इंजन को पटरी पर लाने के बाद ट्रेन को आगे रवाना कर दिया गया। इस घटना के बाद डिवीजन स्तर पर जांच टीम गठित कर दी गई है, जो बेपटरी हुए इंजन के मामले में जांच करने के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौपेगी।

---

**मस्तूरी क्षेत्र का मामला**

**वायरल आडियो में 10 प्रतिशत कमीशन मांग रहा बाबू**

# मेडिकल बिल के बदले शिक्षक से कमीशन मांगने वाला क्लर्क सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी क्षेत्र में सहायक शिक्षक से मेडिकल बिल स्वीकृत करने के बदले 10 प्रतिशत कमीशन मांगने वाले क्लर्क (सहायक ग्रेड 02) सीएस नौरके को जिला शिक्षा अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है। दरअसल संतोष साहू ने आरोप लगाया था कि बिल जारी करने के एवज में ऑफिस का बाबू उनसे 10% कमीशन मांग रहा है।

शिक्षक ने इस मामले की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से की थी। शिक्षक का कहना है कि उनके साथ जिन अन्य शिक्षकों के बिल पास हुए थे, उन्हें तो राशि का भुगतान मिल गया है, लेकिन उनका भुगतान अब तक नहीं किया गया। मामला मस्तूरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का है। कमीशन मांगे जाने का आडियो भी वायरल हो रहा है। शिक्षा अधिकारी ने इसे संज्ञान में लेते हुए जांच कमेटी बनाई थी। दरअसल, शासकीय प्राथमिक शाला खपरी के सहायक शिक्षक संतोष कुमार साहू ने मेडिकल बिल भुगतान के लिए आवेदन जमा किया था। इलाज में हुए खर्च सहित सभी दस्तावेज पेश करने और उसका परीक्षण करने के बाद कार्यालय से उनका 1 लाख 87 हजार 459 रुपए स्वीकृत हो गया है। शिक्षक संतोष कुमार साहू का आरोप है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मस्तूरी के पदस्थ सहायक ग्रेड 02 सीएस नौरके ने 9 जुलाई की रात 8.25 बजे उनके मोबाइल पर कॉल किया। वो रिसीव नहीं कर पाए। रात 8.30 बजे उन्होंने देखा तो कॉल किया। इस दौरान क्लर्क सीएस नौरके ने मेडिकल बिल की रकम उनके खाता में जमा करने के एवज में 10% कमीशन मांगा। जिसे देने में उन्होंने असमर्थता जताई। इस कारण भुगतान रोक दिया है।


मस्तूरी क्षेत्र के सहायक शिक्षक ने लगाया आरोप, आडियो वायरल
मेडिकल बिल भुगतान के बदले क्लर्क ने मांगा कमीशन
सभी दस्तावेज जमा करने के बाद भी राशि रोकी
सत्यता का होगा परीक्षण

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**की गई है कार्रवाई**

सहायक शिक्षक की शिकायत के बाद मामले में जांच की गई थी। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी पक्षों का बयान लिया। रिपोर्ट के आधार पर क्लर्क नोरके को सस्पेंड कर दिया गया है।

\- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

### ऊपर तक देना पड़ता है पैसा

इससे परेशान होकर सहायक शिक्षक ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में बताया कि सूची में शामिल अन्य लोगों की राशि का भुगतान 15 जुलाई की रात को ही कर दिया गया था, लेकिन उनकी राशि अब तक लंबित है। शिक्षक का कहना है कि कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत के बावजूद क्लर्क भुगतान नहीं कर रहा है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। संतोष साहू ने बताया कि उन्होंने इलाज का पूरा खर्च और जरूरी दस्तावेज ऑफिस में जमा किए गए थे। आडियो में भी क्लर्क पैसे मांगते हुए साफ सुनाई दे रहा है। इसमें बाबू कह रहा है कि उपर तक पैसा देना पड़ता है।

---

**उप पंजीयक को पत्र लिखकर दी गई अवैध प्लाटिंग की जानकारी**

# अवैध प्लाटिंग: घुरू की 6 जमीनों की 3 एकड़ रजिस्ट्री पर रोक, निगम ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध प्लाटिंग कर शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले शहर के घुरू में 6 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए निगम ने बिलासपुर और तखतपुर के उप पंजीयक को पत्र लिखा है। इन भू स्वामियों द्वारा बिना व्यपवर्तन, बिना ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेचा जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगाने के लिए निगम द्वारा उप पंजीयक को पत्र जारी किया गया है। निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक लगातार अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व शहर के अलग-अलग स्थानों के 142 जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए उप पंजीयक को पत्र लिखा गया था।

■ उक्त जमीनों की गई रजिस्ट्री की भी जानकारी मांगी गई है

दरअसल शहर के घुरू-अमेरी, मोपका, खमतराई, तिफरा, चांटीडीह, लिंगियाडीह, मंगला और बिजौर क्षेत्र में कृषि भूमि पर अवैध कालोनी विकसित करने भू-माफिया सक्रिय है। यहां, बिना लेआउट प्लान और डायवर्सन के जमीन को छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचा जा रहा है। निगम के मुताबिक घुरू की जिन जमीनों पर रोक लगाने के लिए पत्र जारी किया गया है। उसमें सकरी तहतील स्थित भूमि खसरा क्रमांक 302/5, 311/2, 241/1, 305/4, 592/166, 607/41 के क्षेत्रफल क्रमशः 0.0314, 0.0943, 0.0545, 0.1694, 0.0637, 0.641 हेक्टेयर, भूमि शामिल हैं। इन जमीनों के स्वरूप को परिवर्तित कर बिना सक्षम प्राधिकारी के स्वीकृति प्राप्त किए अवैध कालोनी / प्लाटिंग का निर्माण छोटे-छोटे भू-खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया जा रहा है।


फाइल फोटो

### इन जमीनों पर भी रोक

ध्यान रहे कि इससे पूर्व निगम द्वारा अवैध प्लाट में सड़क, बाउंड्रीवाल तोड़ने की कार्रवाई की गई थी, जिन 142 जमीनों की सूची पंजीयक कार्यालय को सौंपी गई है, उनमें मंगला क्षेत्र की 39 जमीन, मोपका की 33 जमीन, तिफरा में 10 जमीन, खमतराई की 40 जमीन, बिजौर की 10, चांटीडीह की 6, मंगला और लिंगियाडीह की 4 जमीन शामिल है। हालांकि इसके बाद भी शहर के आसपास मोपका, चिल्हाटी, सिरगिट्टी, तोरवा, सकरी, मंगला, बैमा-नगोई, कोनी, रतनपुर रोड और उसलापुर जैसे क्षेत्रों में देखी जा रही है। यहां खुलेआम खेतों की बाड़ तोड़कर बिना किसी ले-आउट स्वीकृति के प्लॉट काटे जा रहे हैं।

### कृषि भूमि पर शहर के भू माफिया की नजर

दरअसल, कृषि भूमि पर शहर के भू माफियाओं की नजर है, जो इन जमीनों की खरीदी-बिक्री कर टुकड़ों में प्लाटिंग कर रहे हैं। जबकि, कॉलोनी बनाने के लिए नगर निगम के साथ ही टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और राजस्व विभाग की सहमति जरूरी है। लेकिन, भू माफिया नियमों को दरकिनार कर राजस्व अफसरों के साथ मिलकर अवैध प्लाटिंग कर टुकड़ों में जमीन बेच रहे हैं। यही वजह है कि राजस्व अधिकारी अवैध प्लाटिंग को नजरअंदाज कर रहे हैं। शहर से लगे गांव में जमीन दलालों द्वारा अवैध प्लॉटिंग करने का सिलसिला जारी है। सस्ते दाम और भविष्य में तेजी का लालच देकर दलाल खेती की जमीन को टुकड़ों में बेच रहे हैं। राजस्व विभाग के मैदानी अमले की मिलीभगत से यह कारोबार बेखौफ चल रहा है।

---

**मछली मार्केट का मामला**

# 10 लाख किराया बाकी 7 दुकानें किया सील


कार्रवाई के दौरान व्यापारियों में हडकंप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिचरी में मछली मार्केट के पास सालों से किराया नहीं पटाने वाले 7 दुकानों को सील कर दिया है। इसमें कुछ दुकानों पर लाखों रुपए का बकाया है। बार बार नोटिस के बाद भी दुकान संचालकों द्वारा जवाब नहीं दिया जा रहा था। इससे पहले चांटीडीह में निगम की दुकानों पर कब्जा कर कारोबार करने वाले 29 दुकानों को निगम ने सील किया था। निगम के मुताबिक इन दुकानों को किसी को भी आबंटित नहीं किया गया था। इसके बाद भी सब्जी मंडी में दुकान लगाने वालों ने इन दुकानों में अपना सामान रखना शुरू कर दिया था।

■ कार्रवाई के दौरान जमकर विवाद और हंगामा

नगर निगम की शनिचरी बाजार के पास दुकानें हैं। इसमें एक मछली मार्केट भी हैं जहां लोगों को दुकान आबंटित की गई थी। पिछले कई सालों से किराया नहीं पटाने पर मौखिक और लिखित में चेतावनी दी गई थी। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा था। निगम की टीम बुधवार को शनिचरी पहुंची और दुकानों पर कार्रवाई शुरू की। इस दौरान दुकानदारों ने जमकर विरोध किया। निगम की टीम को रोकने की कोशिश भी की गई। पुलिस की मौजूदगी के बाद लेकिन विरोध शांत कर दिया गया। निगम ने इसके बाद सभी दुकानों को सील कर दिया। इनमें सईदा बेगम पर एक लाख 15 हजार, इंद्रजीत पर एक लाख 14 हजार, गोवर्धन दास पर एक लाख 12 हजार, आसिया बाई पर एक लाख 11 हजार, विमल मिश्रा पर एक लाख पांच हजार, सुनील कुमार पर एक लाख 33 हजार और बल्लू खटिक पर 46 हजार 515 रुपए का बकाया है।

### गोदाम बनाकर रख दिया अपना सामान

ज्ञात हो कि नगर निगम अपोलो चौक से शनिचरी रपटा तक सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई पिछले एक महीने से कर रहा है। अतिक्रमण के कारण 80 फीट चौड़ी सड़क 40 फीट तक सिमट गई थी। इस काम के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग से 3.27 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। निगम को जानकारी मिली की चांटीडीह सब्जी बाजार में बनी निगम की दुकानों में भी कब्जा है। इन दुकानों को एक तरह से गोदाम बना लिया गया है। यहां सब्जी के साथ ही दूसरे सामान रखे जा रहे थे। इसके साथ ही रात को इन दुकानों में शराबखोरी की भी शिकायतें निगम को मिल रहीं थी। निगम ने दुकानों को पहले खाली करने मौखिक रूप से सूचना दी थी। इसके बाद भी कब्जा खाली नहीं करने पर निगम ने इन 29 दुकानों में ताला बंद करते हुए सील कर दिया है।

---

# ओवरटेक को लेकर दो गुटों के बीच चाकूबाजी, 8 आरोपी गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम के बाद ओवरटेक को लेकर कार व बाइक सवार दो गुटों के बीच जमकर मारपीट कर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने दोनों गुटों के 8 लोगों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मंगलवार को मुंगेलीनाका मैदान में कांग्रेस पार्टी कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम सपन्न होने के बाद मंदिर चौक निवासी राजीव बघेल अपने दोस्त के साथ बाइक व मसानगंज निवासी शेख ताहिर अपने साथियों के साथ कार से निकल रहे थे। ओवहरटेक करने व घूर घूर के देखने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष के एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे और चाकू निकलाकर एक दूसरे पर हमला कर दिया था। सरेराह सड़क में दो गुटों के बीच चाकूबाजी होने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। पुलिस ने एक गुट से राजीव राज बघेल, प्रतीक लाल बघेल, आकास मिश्रा, पवन सोनवानी, प्रांजल मसीह, विक्रम ठाकुर व दूसरे गुट के शेख ताहिर, मोहम्मद हसन को पकड़ लिया था। बुधवार को पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

### दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज

पुलिस ने मामले में शेख ताहिर की रिपोर्ट पर राजीव बघेल एवं अन्य 5 के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 191, 3, 296, 351, 2 व राजीव राज बघेल की रिपोर्ट पर शेख ताहिर, मोहम्मद हसन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया है। अभी अपराध में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

### की जाएगी कार्रवाई

दोनों गुटों के 8 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज गया है। दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। मामले की जांच करने के बाद अपराध में फिर से आरोपियों की गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाएगी।

\-विजय चौधरी सिविल लाइन थाना प्रभारी

### एफआईआर में लिखा लोहे के पंच से हमला करना

मजेदारबात यह है कि दोनों गुटों के बीच विवाद के बाद सोशल मीडिया में मारपीट का वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें एक युवक कमर में चाकू दबाकर रखने व उसको निकालते वहीं दूसरे गुट के एक युवक के हाथ से चाकू लूटकर सड़क में गिराकर उठाया दिखाते साफ नजर आ रहा था। उसके बाद भी पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एफआईआर में लोहे के पंच से हमला करना लिखा गया है।

---

# टीकाकरण: बच्ची की मौत, गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टीकाकरण के दूसरे दिन दो माह की बच्ची की मौत होने से परिजन गलत इलाज कराने का आरोप लगाते हुए कलेक्टोरेट पहुंच गए। पुलिस ने समझाइश देकर बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया है। पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 9 सितंबर को मंगला धूरीपारा निवासी रामेश्वर मरावी के घरवाले उनके दो माह की बेटी स्वर्णिका मरावी को टीकाकरण कराने आंगनबाड़ी लेकर गए थे। स्वास्थ्यकर्मी ने बच्ची को दोनों हाथ व पैर में चार इंजेक्शन लगाया था। 10 सितंबर को दोपहर 1 बजे बच्ची की मौत हो गई। जिससे घर व आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजन टिकाकरण के दौरान स्वास्थकर्मी के द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से बच्ची की मौत होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंच गए। सूचना मिलते थाना प्रभारी विजय चौधरी कलेक्टोरेट पहुंचकर परिजनों को समझाइश दी। उन्हें बताया गया कि बच्ची का पोस्टमार्टम कराया जाए। उससे मृत्यु के कारणों का खुलासा हो जाएगा। उसके बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार हो गए। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बताया जाता है 9 सितंबर को आंगनबाड़ी में स्वास्थकर्मी के द्वारा 25 से 30 बच्चों का टिकाकारण किया गया था, उनमें से किसी भी बच्चे को कोई शिकायत नहीं हुई है।

### गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

9 सितंबर को बच्ची का टीकाकरण किया गया था। 10 सितंबर को दोपह 1 बजे उसकी मृत्यु हुई है। परिजन गलत इंजेक्शन लगाने से मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए कलेक्टोरेट आए थे। बच्ची का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

\-विजय चौधरी, सिविल लाइन थाना प्रभारी

---

# ट्रक चालक व क्लीनर पर हमला करने वाले 5 गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** ट्रक चालक व क्लीनर से मारपीट और हत्या का प्रयास मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों की मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो की जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। बता दें कि कोरिया निवासी सुनील कुमार जायसवाल के ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 7186 के चालक सुरेंद्र सिंह व खलासी शनि सिंह एमपी के आमाडाह से कोयला लोड कर उड़ीसा जा रहे थे। इस दौरान 29 अगस्त को सिलफिली के समीप खड़ी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और फिर बचकर भागने लगे। भाग रहे ट्रक चालक व क्लीनर को लोगों ने पीछा कर पकड़ा और जमकर मारपीट की जबकि ट्रक में भी तोड़फोड़ की। इस मारपीट में दोनों गंभीर रूप से गायल हो गए। घायल चालक व क्लीनर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था इसके साथ ही मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 191(2), 296, 351(3), 115(2), 324(4), 109,126(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी गणेशपुर सिलफिली निवासी 43 वर्षीय मुकेश राय आ. बिजन राय, 24 वर्षीय रोहित साह आ. परमेश चंद शाह, 27 वर्षीय शशिकांत भगत आ. स्व. राज किशोर भगत, 33 वर्षीय गोपाल विश्वास आ. अजित विश्वास, 38 वर्षीय रंजीत विश्वास आ. गोवर्धन विश्वास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, सउनि सुभाष ठाकुर, आरक्षक रमन मण्डल, अतुल शर्मा, राहुल सिंह सक्रिय रहे।

---

# 3 लाख के कबाड़ सहित ट्रक जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लोहे के कबाड़ लेकर जा रहे ट्रक सहित ड्राइवर को पुलिस ने पकड़ लिया है। ट्रक से 10 टन लोहे का कबाड़ जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली चोरभठ्ठी की ओर से ट्रक में लोहे का कबाड़ भरकर बिक्री करने के लिए ले जाया जा रहा है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के निर्देश पर टीआई श्री आर्या ने स्टाफ के साथ सकरी ओवरब्रिज चौक के पास घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी 10 ईजे, 9756 को रोक लिया। जांच करने पर ट्रक में 10 टन लोहे का कबाड़ मिला। जब्त कबाड़ की कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि उक्त कबाड़ कोतवाली क्षेत्र के सबसे बड़े कबाड़ी का है। पुलिस ने कबाड़ सहित ट्रक जब्त कर ड्राइवर रतनपुर निवासी सौरभ सोनी पिता विजय सोनी 37 साल को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि एक बार फिर शहर के कबाड़ी सक्रिय होकर बेखौफ चोरी के लोहे का सामान खरीदी बिक्री कर रहे हैं। लंबे अरसे से पुलिस विभाग के द्वारा कबाड़ी दुकानों की जांच नहीं की गई है।

### स्कूल में चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार



स्कूल में चोरी करने वाले दो नाबालिग सहित 3 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, हिंडाडीह शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल का ताला तोड़कर मानीटर, सीपीयू, चावल चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने हिंडाडीह निवासी दीपक लास्कर पिता धनेश लास्कर 22 साल व दो नाबालिग को पकड़कर चोरी की दो मानीटर, दो सीपीयू, एक कच्ची चावल बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रतीक्षा सूची जारी

**बिलासपुर।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव, बलरामपुर एवं बिलासपुर में सत्र 2025-26 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का वर्गवार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट eklavya.cg.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक एवं बालिका और अनुसूचित जाति के बालक एवं बालिकाओं का काउंसलिंग 12 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के बालक बालिकाओं का काउंसलिंग 13 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। यह काउंसलिंग प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू, उरकुरा मार्ग, व्हीआईपी सीटी कालोनी के सामने रायपुर में होगा। बलरामपुर के रिक्त सीट की पूर्ति के पश्चात ही राजनांदगांव एवं बिलासपुर के रिक्त सीट भरे जाएंगे।

काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को अपना प्रवेश पत्र, निवास एवं जाति, कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज 2 रंगीन फोटो एवं यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है। तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

## सीएम प्रवास की झलकियां...


सलामी लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।


मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी।


प्राधिकरण की बैठक में उपस्थित उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व अन्य।


हितग्राहियों को नक्शा एवं भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान करते सीएम श्री साय।


मुख्यमंत्री का स्वागत करते बीएमएस के राधेश्याम जायसवाल।


मुख्यमंत्री के साथ भाजपा नेता अशोक चावलानी।


मुख्यमंत्री का स्वागत करते पार्षद व एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल।

### एसईसीएल दीपका खदान क्षेत्र का मामला

# सुरक्षा के दृष्टिकोण से खदान क्षेत्र में फेंसिंग लगाकर की जा रही घेराबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा अपने खदान के किनारों पर फेंसिंग लगाकर घेराबंदी की जा रही है। इसे स्थानीय ग्रामीणों ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से सही बताया है, पर उनकी मांग है कि सबसे अधिक नुकसान खदान में होने वाले हैवी ब्लॉस्टिंग से होती है। प्रबंधक को चाहिए कि खदान क्षेत्र में फेंसिंग के साथ ही हैवी ब्लॉस्टिंग पर भी रोक लगाई जाए।

**खास बात**

- स्थानीय ग्रामीणों ने खदान में हो रही हैवी ब्लॉस्टिंग पर प्रतिबंध की रखी मांग

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका खदान का विस्तार किया जा रहा है। खदान विस्तार के तहत अब खदान क्षेत्र में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से मवेशीयों सहित आम नागरिक कोयला खदान क्षेत्र में प्रवेश न कर सके और वे सुरक्षित रहें। इसे लेकर खदान के किनारों पर फेसिंग लगाकर घेराबंदी की जा रही है। यहां बताना होगा कि खदान क्षेत्र में मवेशियों व लोगों को हो रही समस्या को लेकर कई बार खबर प्रकाशित की गई है। बावजूद इसके दीपका प्रबंधन के कान में जूं तक नहीं रेंगा। अब जब दीपका खुली खदान हरदीबाजार की आबादी के महज 100 से 300 मीटर की दूरी पर पहुंच चुका है। तब जाकर दीपका प्रबंधन को सुरक्षा का ध्यान आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जो सुरक्षा बाड़ा दीपका प्रबंधक लगा रहा ये सही है, लेकिन इससे भी ज्यादा गंभीर समस्या तो खदान में हो रही हैवी ब्लास्टिंग है। प्रबंधन को हैवी ब्लॉस्टिंग पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। खदान में हो रहे हैवी ब्लॉस्टिंग से खदान क्षेत्र में निवासरत लोगों को रोजाना किसी न किसी तरह के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। कहीं किसी की जान न चली जाए, इससे पूर्व दीपका प्रबंधन को लोगों की जानमाल की सुरक्षा के लिए हैवी ब्लास्टिंग पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।


फेंसिंग तार से की गई घेराबंदी।

## जिले के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन जीते 3 मेडल

**कोरबा।** भारतीय राइफल संघ के तत्वाधान छत्तीसग़ढ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शूटिंग स्पर्धा का आयोजन रायपुर में किया गया । उक्त स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 250 शूटर्स ने भाग किया। 29 अगस्त से 8 सितंबर तक माना शूटिंग रेंज में संपन्न प्रतियोगिता का आयोजन जिंदल स्टील एवं पावर लिमिटेड द्वारा किया गया था। उक्त स्पर्धा में कोरबा के खिलाड़ियो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। माना शुटिंग रेंज में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उक्त स्पर्धा में जिले के 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें से सौम्या विश्वकर्मा ने गोल्ड मेडल, अक्षय कुमार एंथोनी ने सिल्वर, अभिजीत कुमार ने ब्रांज मेडल जीता। टीम स्पर्धा में रायफल शूटिंग में कोरबा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। केंद्रीय विद्यालय की छात्रा सौम्या विश्वकर्मा ने जूनियर वुमेन ओपनसाइट 50मी प्रोन पोजीशन राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया।

# घिनारा पंचायत ने ग्रामसभा में पूर्ण शराबबंदी का लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत घिनारा में रविवार शाम सामुदायिक भवन प्रांगण में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सरपंच दीनानाथ राठिया की अध्यक्षता में आयोजित इस आमसभा में समस्त ग्रामीणों की सहमति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

सभा में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि अब से ग्राम पंचायत घिनारा में अवैध शराब बनाने और बेचने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से शराब बनाते या बेचते हुए पकड़ा जाता है, तो उस पर 11 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। वहीं, सामाजिक कार्यक्रमों में शराब पीकर लड़ाई-झगड़ा या अभद्र व्यवहार करने वालों पर 51 सौ रुपये का जुर्माना तय किया गया है। इसी तरह गांव में निजी अथवा सामाजिक सामग्री एवं धन की चोरी करने वाले को भी 51 सौ रुपये का दंड भुगतना होगा। ग्राम सभा में महिला और पुरुष समिति का भी गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष के रूप में श्रीमती जयंती राठिया को चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती दिवाली बाई राठिया, श्रीमती मोगरा बाई राठिया, श्रीमती लक्ष्मिन मंझवार, श्रीमती नीला बाई खड़िया, श्रीमती करम कुंवर राठिया (बैगापारा) सहित अन्य महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद पर श्रीमती सुजीता राठिया, सह सचिव के रूप में श्रीमती सरस्वती राठिया, श्रीमती रजनी प्रजापति और श्रीमती प्रियंका राठिया नियुक्त हुईं। वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में गोपी सिंह राठिया (पंचायत सचिव) तथा सह कोषाध्यक्ष पद पर श्री सुदामा सिंह/भोजसिंह राठिया को चुना गया। समिति के संरक्षक पद की जिम्मेदारी गोर्वधन प्रसाद राठिया, छत्रपाल सिंह राठिया और छत्तर सिंह राठिया को दी गई। ग्राम सभा द्वारा बनाए गए इन नियमों और समिति गठन को लेकर गांव के सभी लोगों ने सर्वसम्मति से सहमति दी और निर्णय को पारित किया और इसे कड़ाई से लागू करने की सहमति दिया।


बैठक में उपस्थित ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि।

# राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो की प्रदर्शनी में उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो की प्रदर्शनी को ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ओपन थियेटर मैदान घन्टाघर में संचालित प्रदर्शनी के संचालक द्वारा कोरबावासियों के लिए अब 21 अगस्त से शुभारंभ हो चुका है। प्रदर्शनी के सभी स्टॉल्स में जाकर हस्तशिल्प एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने वहां से खरीदारी कर वहां के दुकानदारों से हस्तशिल्प व क्राफ्ट से बने सामानों का आनंद ले व खरीदी करें। संचालक अनिल यादव ने चर्चा के दौरान बताया यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है, इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अर्थेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। संचालक ने बताया कि जहां कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं कोरबा में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शॉल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़ियां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवं आकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है।त्यौहार पर्व के शुभ अवसर पर सामानों की खरीदी कर विशेष आकर्षक की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान ग्राहकों हेतु रखे गये है।



## निधन

### एबी चटर्जी



**कोरबा।** एलआईजी 140 महाराणा प्रताप नगर कोरबा निवासी एबी चटर्जी उम्र 87 वर्ष निधन 10 सितंबर की सुबह हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 11 सितंबर की सुबह 10 बजे पोडीबहार मुक्तिधाम में होगा। अभ्र चटर्जी एवं तंद्रा भट्टाचार्य के पिता थे।

### श्रीमति शिवरात्रि राठौर



**हरदीबाजार।** भाजपा मंडल हरदीबाजार के धर्म सेना अध्यक्ष सराईसिंगार निवासी श्याम राठौर की धर्मपत्नी श्रीमति शिवरात्रि राठौर (40 वर्ष) का सोमवार को आकास्मिक निधन हो गया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार हरदीबाजार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार रोते बिखलते छोड़ गईं। अंतिम संस्कार में परिवार एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### श्रीमती बीना राही



**कोरबा।** बालको निवासी बीएल राही की धर्मपत्नी श्रीमती बीना का मंगलवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहीं थीं। वे प्रणय राही की मां थीं। वे अपने पीछे दो पुत्रों, पोते पोती समेत भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गईं है। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## खेल छात्रावास हेतु 10 करोड़ पर द्विवेदी ने किया स्वागत



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रयासों से कोरबा प्रवास के दौरान खेल छात्रावास एवं छात्र छात्राओं के लिए 10 करोड़ रुपये की घोषणा का स्वागत किया है। महासचिव अनिल द्विवेदी ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय प्रदेश की खेल प्रतिभाओं के लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलेगा और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस दूरदर्शी पहल के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं मंत्री लखनलाल देवांगन का आभार जताया है।

# बालको मेडिकल सेंटर में आयोजित होगा मध्य भारत का सबसे बड़ा कैंसर कॉन्क्लेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश में कैंसर उपचार के क्षेत्र में अग्रणी बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) 19 से 21 सितम्बर तक नया रायपुर स्थित मयफेयर लेक रिज़ॉर्ट में अपने वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव के तीसरे संस्करण का आयोजन करेगा। इस कॉन्क्लेव के साथ ही चूज़िंग वाइज़ली इंडिया मीटिंग के छठे वर्ष का भी आयोजन होगा, जिसका आयोजन ई-कैंसर, टाटा मेमोरियल सेंटर (मुंबई) और नेशनल कैंसर ग्रिड के सहयोग से किया जाएगा।

इस साल का कैंसर कॉन्क्लेव ड्राइविंग कॉमन सेंस ऑन्कोलॉजी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, जेनिटोयूरिनरी और लंग कैंसर का मल्टी-डिसिप्लिनरी मैनेजमेंट विषय पर आधारित है। इसका उद्देश्य बेहतर इलाज परिणामों के लिए बहु-विशेषज्ञ सहयोग की अहमियत को बढ़ावा देना है। तीन दिन तक चलने वाले इस कॉन्फ्रेंस में 20 से ज़्यादा पैनल डिस्कशन होंगी, जिनमें पूरे देश से 200 से अधिक कैंसर विशेषज्ञ और अमेरिका, यूनाईटेड किंगडम, स्विट्ज़रलैंड, न्यूज़ीलैंड, सिंगापुर, लेबनान और ऑस्ट्रेलिया से आए 10 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल होंगे। सभी मिलकर अपने अनुभव साझा करेंगे, नवीनतम तकनीक, सर्वोत्तम प्रक्रियाओं पर चर्चा करेंगे और मिलकर काम करने के नए रास्ते तलाश करेंगे ताकि भारत में कैंसर रोगियों को और बेहतर इलाज और अनुभव मिल सके। वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन (बालको मेडिकल सेंटर) की चिकित्सा निदेशक डॉ.भावना सिरोही ने कहा कि हर साल इस कॉन्क्लेव में बढ़ती भागीदारी और उत्साह हमारे लिए अहम बात है। वार्षिक कॉन्क्लेव अब मध्य भारत के प्रमुख शैक्षणिक आयोजनों में स्थापित हो चुका है। प्रत्येक सत्र को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है जो चिकित्सकों को वास्तविक नैदानिक चुनौतियों का समाधान प्रदान करे, तथा साथ ही यह भी दर्शाए कि अंतरराष्ट्रीय अनुभवों और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाकर गुणवत्तापूर्ण कैंसर उपचार को अधिक सुलभ और किफायती बनाया जा सकता है। यह कॉन्क्लेव युवा कैंसर विशेषज्ञों के लिए भी सीखने और विचार साझा करने का बड़ा मंच है। हर साल देशभर से 50 छात्रों को यात्रा अनुदान दिया जाता है, ताकि वे भी इन चर्चाओं का हिस्सा बनकर सही और रोगी-केंद्रित इलाज की दिशा में आगे बढ़ सकें।



**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बरपाली तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

वि.प्र.क्र./ /बी 121/2024-2025
ग्राम कोथारी प.ह.नं.
तहसील बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमित्रा बाई पति बैजनाथ जाति बैरागी निवासी ग्राम रामपुर तहसील बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने जेठ मुगुल का मृत्यु दिनांक 10/11/1985 को निवास ग्राम कोथारी में होने कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पृथक से शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पंचनामा पेश किया गया है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समिति को दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 18/09/2025 तक न्यायालयीन समय में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बरपाली तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

वि.प्र.क्र./ /बी 121/2024-2025
ग्राम कोथारी प.ह.नं.
तहसील बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमित्रा बाई पति बैजनाथ जाति बैरागी निवासी ग्राम रामपुर तहसील बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने जेठ जुगुल का मृत्यु दिनांक 19/05/1979 को निवास ग्राम कोथारी में होने कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पृथक से शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पंचनामा पेश किया गया है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समिति को दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 18/09/2025 तक न्यायालयीन समय में दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक / 1899 / अविअ/ वाचक / 2025
पोंड़ी उपरोड़ा दिनांक 01/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण श्रीमती चंदा जैन पति स्व. बीरचंद जैन एवं 02 अन्य जाति जैन निवासी पेण्ड्रा तहसील पेण्ड्रा जिला-गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) द्वारा ग्राम पसान प.ह.न. 03 तहसील पसान जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की संयुक्त खाते की भूमि ख.न. 408/23 रकबा 0.0400 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 15/09/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः- पोंडी उपरोड़ा, दिनांकः 01/09/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा जिला-कोरबा (छ0ग0)**

KRISHNA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE
कृष्णा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर



नि:संतान दंपत्तियों के लिए उम्मीद की नई किरण
प्रक्रिया शुल्क मात्र
70,000/-
उपलब्ध सुविधाएं :-
फर्टिलिटी जाँच, IUI, IVF, ICSI, PICSI, ब्लास्टोसिस्ट, हिस्ट्रोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी, डोनर सर्विसेज।
9752435827
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### लाइफ स्किल व जेसी ओरिएंटेशन पर चलाया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कोरबा।** लाइफ स्किल व जेसी ओरिएंटेशन के विषय में जेसीआई सेंट्रल ने जेसी सप्ताह श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कालेज के छात्राओं को सकारात्मक सोच, निर्णय क्षमता व करियर मार्गदर्शन के बारे में बताना और जेसीआई के उद्देश्यों से अवगत कराना था। प्रशिक्षिका कु. शालू चौधरी ने विभिन्न लाइफ स्किल्स के बारे में बताया। साथ ही जेसीआई जोन-9 के उपाध्यक्ष जेसी आशीष भूटानी ने जेसीआई के उद्देश्यों और आस्थाओं के बारे में छात्राओं को समझाया। लगभग 2सौ से अधिक छात्राओं ने इस प्रशिक्षण का लाभ लिया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील जैन एवं विशिष्ट अतिथि जेसीआई के पूर्व-अध्यक्ष सजन अग्रवाल, प्रधानाचार्य, शिक्षकग एवं आनंद रैकवार, उत्कर्ष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अंश अग्रवाल, अंकित गोयल, आयुष अग्रवाल, हर्ष गुप्ता, कपिल विश्वकर्मा व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोरध्वज गर्ग व आभार अंकित अग्रवाल ने किया।

### न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में मनाया गया ग्रैंड पैरेंट्स डे



**कोरबा।** न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में बुधवार को ग्रैंड पैरेंट्स डे मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। मुख्य अतिथि श्रीमती गुणवंती यादव एवं विशेष अतिथि बीएल साहू संरक्षक, न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल की उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बड़ों के प्रति सम्मान, प्रेम और पारिवारिक मूल्यों को संरक्षित रखने की प्रेरणा दी। विद्यालय के चेयरमैन किशोर कुमार साहू, निदेशक दिलीप कुमार साहू, प्रधानाचार्य डी.एस. राव. उप-प्राचार्या श्रीमती कीर्ति हेरिट तथा हेड मास्टर जगजीत सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का संचालन हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य, नाट्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर दादा-दादी एवं नाना-नानी ने भी बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करना, विद्यार्थियों में बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा पीढ़ियों के मध्य सेतु का निर्माण करना था।

### एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम सुआभोड़ी का मामला

# जबरन मकान खाली कराने पहुंचे एसईसीएल अधिकारियों का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भू-अर्जन के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं करने वाले दीपका प्रबंधन के खिलाफ भूविस्थापितों का गुस्सा फूट पड़ा। मामला ग्राम सुआभोड़ी का है जहां

**खास बात**

- एल एंड आर के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की हुई तीखी नोकझोंक

बीते दिनों मकान खाली कराने पहुंचे एल एंड आर विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से ग्रामीण भिड़ गए। ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया, जिसकी वजह से एसईसीएल के अधिकारियों को उल्टे पांव वापस लौटना पड़ा।



फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार लगभग दो दिन पहले एसईसीएल के एल एंड आर डिपार्टमेंट के दो अधिकारी अपने दो कर्मचारियों और मातहत स्टाफ के साथ ग्राम सुआभोड़ी पहुंचे थे। भूविस्थापितों ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन के आदेश पर वे जबरन मकान को तोड़ने की तैयारी में थे। इस दौरान ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते बवाल मच गया। हालांकि विभाग के ही एक क्षेत्रीय कर्मचारी के बीच बचाव के बाद मामला शांत हो गया। गौरतलब है कि सुआभोड़ी में अब भी करीब 40 मकान शेष हैं। यहां मुआवजा और रोजगार को लेकर विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। विस्थापितों का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता वे अपने घर खाली नहीं करेंगे। बावजूद इसके एसईसीएल प्रबंधन जबरन कार्रवाई करने की कोशिश कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि कंपनी पहले नौकरी और मुआवजे का वादा पूरा करे तभी वे मकान छोड़ेंगे अन्यथा जबरन तोड़फोड़ के हर प्रयास को इसी तरह भीषण विरोध का सामना करेगा।

# युवती पर दर्जनों बार चाकू घोपकर मारने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन साल पूर्व एक युवती की मुंह को तकिया से दबाकर और पेचकस से दर्जनों बार ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतारे जाने के मामले में

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुई थी हत्या की वारदात

आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास व 75 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंपहाउस कालोनी में रहने वाली एक युवती की दिसंबर 2022 में पेचकस से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस दौरान युवती का मुंह तकिये से दबाया गया और उस पर करीब 51 बार पेचकस से वार कर उसे मौत के घाटउतारा गया था। पुलिस ने लंबी पड़ताल के बाद इस हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले जशपुर के रुपशेरा निवासी शहबान खान उर्फ बाबू 30 वर्ष पिता स्व. अब्दुल रज्जाक खान व तवरेज खान उर्फ छोटू पिता आयूब खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और मामले को विशेष न्यायाधीश एसटीएससी जयदीप गर्ग के न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई के दौरान शहबान खान के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर न्यायालय ने शहबान खान को आजीवन कारावास व विभिन्न धाराओं में कुल 75 हजार रुपए जुर्माना ठोंका है जबकि तवरेज खान उर्फ छोटू के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं पाए जाने पर उसे दोषमुक्त कर दिया गया है। मामले में अभियोजन की ओर से रमेश सिंह यादव विशेष लोक अभियोजक ने पैरवी की थी।

# विद्युत कंपनी में घट रहा विभागीय अमला, आऊटसोर्सिंग पर चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी में कर्मचारियों और अधिकारियों की कमी बनी हुई है। वहीं हर माह औसतन करीब 200 अधिकारी और कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। चूंकि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी पुराने और अनुभवी हैं, जिनकी कमी से कंपनी के कामकाज पर असर होने लगा है। सबसे ज्यादा असर वितरण क्षेत्र के मैदानी कार्य और विद्युत प्लांटों के संचालन पर पड़ा है। प्रबंधन के स्थानीय अधिकारी भी मानते है कि कंपनी में अनुभवी कर्मचारियों की संख्या तेजी से घट रही है, लेकिन उसी अनुपात में नई भर्ती नहीं हो रही है।

**खास बात**

- हर साल सेवानिवृत्त हो रहे विद्युत कर्मी, नहीं हो रही नई भर्ती

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी में अब अधिकांश कार्य आउटसोर्सिंग से कराए जा रहे हैं। संगठनों के अनुसार नियमित और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का अनुपात 70 व 30 होना चाहिए, लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। ट्रांसमिशन कंपनी में सुपरविजन स्टाफ को छोड़कर लगभग सारा काम आउटसोर्सिंग के भरोसे है। वितरण कंपनी में सब-स्टेशनों के संचालन से लेकर मैदानी स्तर पर रखरखाव और लाइन मेंटनेस का कार्य आउटसोर्सिंग से कराया जा रहा है। जनरेशन कंपनी में भी ठेका कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कर्मचारी नेताओं के मुताबिक जनरेशन कंपनी के लिए आईटीआई के 500 पदों पर भर्ती का मामला स्वीकृति के बाद भी पिछले एक साल से अटका है। कंपनी के फायर विभाग, विभागीय अस्पतालों के लिए फार्मासिस्ट व अन्य मेडिकल स्टाफ की भर्ती के लिए भी अनुमोदन हो चुका है, लेकिन नियुक्तियां अब तक शुरू नहीं हुई हैं। कोरबा पूर्व प्लांट का बंद होने के साथ बाद जिले में पावर कंपनी के दो प्लांट संचालित हैं, वहीं जांजगीर-चाम्पा में मड़वा प्लांट है। इन तीनों संयत्रों के लिए पांच हजार से अधिक पद स्वीकृत है। लेकिन यहां लगभग 2400 ही कर्मचारी कार्यरत हैं। इस तरह प्लांटों में स्वीकृत पद कार्यरत हैं। बीएमएस विद्युत क्षेत्र के राष्ट्रीय प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने बताया कि विद्युत कंपनी में स्वीकृत पद के लगभग 10 हजार पद रिक्त हैं। अधिकांश काम आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मचारियों पर टिका है। प्रबंधन और शासन से रिक्त पदों पर भर्ती की मांग की गई है।



फाइल फोटो

### रिस्ट्रक्चरिंग व प्रमोशन के मामले पेंडिंग

एचटीपीएस में नए प्रोजेक्ट के निर्माण को देखते हुए प्रबंधन ने लगभग 120 कर्मचारियों की भर्ती को स्वीकृति दी है, लेकिन वितरण क्षेत्र और पुराने संयंत्रों में अब भी अधिकारी व कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। बताया जा रहा है पूरे विद्युत कंपनी में करीब 25 हजार स्वीकृत पद हैं, जबकि कार्यरत केवल 15 हजार कर्मचारी हैं। नई भर्ती लंबे समय से रुकी है और संविदा कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के पदों की रिस्ट्रक्चरिंग नहीं होने से ऊपर के पद नहीं भरे जा रहे हैं और कर्मचारियों को प्रमोशन भी नहीं मिल रहा है।

# कोटना निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला विकासखंड के ग्राम बेहरचुंआ में कोटना निर्माण में वित्तीय अनियमितता की हुई शिकायत के मामले में की गई जांच के दौरान गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बताया जाता है कि एक हितग्राही के यहां बिना कोटना निर्माण किए राशि आहरित कर ली गई है। जानकारी के अनुसार करतला जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहरचुंआ में मनरेगा टीम ने इस प्रकार का दुस्साहस किया। पता चला कि एक हितग्राही का बिना निर्माण राशि आहरण कर लेने के मामले और फर्जी निर्माण दर्शाये जाने की जब जांच कराई गई तो 15 ऐसे और मामले सामने आए जिसमें पूरी तरह से फर्जी काम किया गया है। कहीं भी कोई भी निर्माण नहीं हुआ किंतु उनके नाम की राशि आहरण कर ली गई और जिनके नाम पर पैसे निकाले हैं उन्हें भी पता नहीं चला। इस उजागर हुए फर्जीवाड़ा के मामले में सिर्फ नोटिस जारी की गई है। जबकि इस मामले में रोजगार सहायक मनरेगा प्रकोष्ठ के अन्य कर्मचारियों की संलिप्ता शामिल आ रही है।

### युवती ने नवजात को दिया जन्म, मौत

**कोरबा।** एक अविवाहित 27 वर्षीय युवती के गर्भवती होने पर उसे मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां बुधवार को उसने एक नवजात बच्चे को जन्म दिया था। जन्म देने के बाद नवजात बच्चे की मौत हो गई।

# अलग- अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई है। जहां एक युवक ने जहर सेवन कर मौत को गले लगा लिया है तो वहीं दूसरे युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना दूरस्थ वनांचल क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सोलवां की है। यहां निवासरत योगेश कुमार 23 वर्ष पिता तारा सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब उसकी तबियत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि उसने जहर सेवन कर लिया है। इसके उपरांत उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार को योगेश की मौत हो गई है। योगेश ने किन कारणों के चलते आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूत्र बताते हैं कि योगेश प्रेम प्रसंग के चलते संभवतः आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। दूसरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी की है। यहां निवासरत अजय कुमार पटेल 36 वर्ष पिता श्यामलाल पटेल बीती रात को अपने पड़ोसी के घर हुए से पानी निकालने के लिए गया हुआ था जहां बिना रेलिंग के कुएं से पानी निकालने के दौरान उसका पैर फिसल गया और सीधे अजय पटेल कुएं में जा गिरा। जब तक उसे कुएं से बाहर निकाल पाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# झारखंड के गढ़वा से गिरफ्तार सटोरिया सत्यम केसरी, अब आरोपों से पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- वीडियो वायरल कर आरक्षक पर लगाया था आरोप, पुलिस कर रही पूछताछ

सट्टा कारोबार के खिलाफ चल रही कार्रवाई में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक और सटोरिए सत्यम केसरी को गिरफ्तार किया है। फरार सटोरिया झारखंड के गढ़वा में छिपकर बैठा हुआ था। बड़ी बात यह है इसी सटोरिए ने पुलिस विभाग में पदस्थ एक आरक्षक पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल किया था जिसके बाद पुलिस महकमें में भी हड़कंप मच गया था लेकिन अब आरोपी खुद अपनी बात से पलट गया है और अपने सरगना दीप सिन्हा के कहने पर वीडियो बनाने की बात स्वीकार की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बता दें कि सरगुजा जिले में बड़े पैमाने पर सट्टा कारोबार चल रहा था। 13 मई 2024 को की गई छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शहर में स्काई एक्सचेंज के नाम से क्रिकेट मैचों में सट्टा खिलाने का खुलासा हुआ था। इस दौरान पुलिस ने सत्तीपारा निवासी आयुष उर्फ दीप सिन्हा, अमित मिश्रा उर्फ पहलू व शुभम केसरी को हिरासत में लिया था। पुलिस ने आरोपियों के के पास से 19 मोबाइल नग, 3 नग पासबुक, 2 नग चेकबुक, 21 नग एटीएम




कार्ड एवं 20100 रुपये नगद व अन्य दस्तावेज किया था। पुलिस ने करोड़ो रुपए का सट्टा खिलने का खुलासा किया था और आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7, 8 के तहत कार्रवाई की गई जहां से उन्हें बाद में जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। इसी कड़ी में जांच दौरान इस बात की पुष्टि भी हुई कि आरोपी भोले भाले लोगों के आधार कार्ड व दस्तावेज लेकर 60 म्यूल अकाउंट खोलकर अवैध कारोबार करने व करोड़ो के लेनदेन की पुष्टि हुई। पुलिस ने प्रकरण में अलग से भादवि की धारा 467, 468, 471, 120 (बी), 66(सी) 66(डी) आईटी. एक्ट की धारा जोड़ी। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस ने जांच के दौरान ऋतिक मंदिलवार उर्फ बमफोड़, नितिन यादव, अमित कुमार मिश्रा उर्फ पहलू एवं ध्रुवील पटेल, मुकेश त्रिपाठी को गिरफ्तार किया जा चुका है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, साइबर सेल प्रभारी सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक अनुज जायसवाल आदि शामिल रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com



तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

PATH | Vidya Bhawan Society, Udaipur | vedanta transforming for good | balco

बालको कनेक्ट कोचिंग प्रोग्राम

निःशुल्क CGPSC एवं CGVYAPAM कोचिंग

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) सामुदायिक विकास के अंतर्गत

जल्दी करें, अभी पंजीकरण करें

अंतिम तिथि बढ़ाई गई 17 सितम्बर 2025

आवेदन का आख़िरी मौका!

सपनों को दिशा, सफलता की तैयारी कोरबा के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर



कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ

- PATH IAS Academy द्वारा CGPSC एवं CGVYAPAM कोचिंग की निःशुल्क पुस्तकें व अध्ययन सामग्री
- सुसज्जित लाइब्रेरी की सुविधा
- ग्रुप डिस्कशन एवं मॉक टेस्ट
- राज्य स्तरीय टेस्ट सीरीज में भागीदारी
- लिखित परीक्षा हेतु विशेष अभ्यास
- निःशुल्क PATH IAS Academy की टेस्ट सीरीज़ एवं सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा क्लास
- मोटिवेशनल सत्र एवं मेंटरिंग सुविधा
- साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट
- सभी कक्षाएं ऑफलाइन + ऑनलाइन क्लासेस एवं डिजिटल बोर्ड, इंटरनेट तथा एसी युक्त
- साक्षात्कार हेतु मॉक इंटरव्यू का अभ्यास

पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड स्कैन करने

पंजीकरण शीघ्र करें!

अंतिम तिथि: 17 सितंबर 2025 | प्रवेश परीक्षा तिथि: 21 सितंबर 2025

परीक्षा केंद्र एवं समय संबंधित जानकारी एडमिट कार्ड में प्रदान की जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए कॉल | व्हाट्सप करें

+91-8224922922 | +91-7509143143 | www.pathiasacademy.com

छत्तीसगढ़ सरकार की शैक्षिक दृष्टि के अनुरूप, बालको, विद्या भवन सोसाइटी एवं पाथ आईएएस के सहयोग से संचालित